# मेरे लिए तुम किस प्रकार का घर बनाओगे?

धन्यवाद भाई ग्रीन। यह सौभाग्य है। भाई और बहन ग्रीन, को शुभकामनाये, और सब को जो यहां इस प्रात: है। और यह सौभाग्य है कि अनुभव करता हूं जो मुझे दिया गया है कि आराधना के स्थान में आऊं, कुछ थोड़ी सी उद्घोषणाये करने के लिए।

2 मैं यहां भाई ग्रीन का समय नहीं लेना चाहता हूँ, क्योंकि मैंने भाई ग्रीन को बहुत बार बोलते हुए सुना है, और निश्चय ही प्रभावित हुआ हूं और जैसे कि वह हमारे लिए प्रभु का वचन लाए, और इस विषय में इतने नम्र। बीते कल उन्होंने कहा, “मुझे प्रभू से वचन नहीं मिलता जैसे कि हो सकता था या कि प्रकाशन में आता, जैसा—जैसा कि यह भेजा गया, परंतु,” कहा, “जो कहा गया है मैं उस पर जोर डालना चाहता हूं।” उसने कहा, “जैसे कि जब पौलूस ने बाईबल में लिखा, मैं उसी बात पर जोर देने आया हूं जो कहा गया।” कहा, “मेरे पास कोई संदेश नहीं, केवल उसी पर जोर देना जो पहले ही प्रभु की ओर से कहा गया है।” मैंने सोचा यह वास्तव में विशिष्ट है एक—एक इस प्रकार का नवयुवक, और उसे इस प्रकार की टिप्पणी देते हुए सुना।

अब आइये बस कुछ शब्द की एक साथ मिलकर प्रार्थना करेंगे।

3 प्रिय परमेश्वर, मैं नहीं जानता कि कैसे आरंभ करूं, क्योंकि मैं अनुभव करता हूं कि आज आप यहां हैं, और आपकी उपस्थिति में सदा हम बहुत छोटा अनुभव करते हैं। और मैं—मैं इस सौभाग्य के लिए आपको धन्यवाद देता हूं। अब, प्रभु, आपने यह स्थान हमें प्रदान किया है, हम प्रार्थना करते हैं, कि आप हमसे हर बार मिलेंगे जब–जब हम यहां मिलते हैं। और आपका महान आत्मा इस नगर पर मंडरायेगा! हम इस योग्य हो कि इस सुसमाचार संदेश को लाने योग्य हो जो हमें दिया गया है और इन अंत के दिनों में हमारे हाथों में दिया गया है, होने पाये यह पूरा हो, और ट्यूसान और आसपास के हर प्राण को ले ले, जिन्हें आपने जीवन के लिए ठहराया है। पिता, इन चीजों को प्रदान करें, यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

4 मैं सोचता हूं कि इस प्रातः में वचन में से एक छोटा पद पढ़ना चाहता हूं, इसके पहले जो मैं जो कहना चाहता हूं मैं इन वचनों को कहना चाहता हूं। यह प्रेरितो के काम के पुस्तक में, सातवें अध्याय में मिलता है। और जबकि आप इसे निकाल रहे हैं हम इसे 44 वे पद से आरंभ करेंगे।

5 अब इस सप्ताह आने वाले सप्ताह में हम शेरवेपोर्ट जा रहे हैं, श्रृंखला सभाओं के लिए, अब यदि प्रभु ने चाहा तो हम यत्न करने जा रहे हैं। भाई मूर भाई जैक मूर भाई पैरी और मेरे दोनों के बहुत अच्छे मित्र, और हम भाई जैक से प्रेम करते हैं। वह संदेश, जो मैं सोचता हूं, एक प्रकार से उसे थोड़ा चक्करा दिया विशेषकर कुछ इन बातों में जिन्हें हम पकड़े हुए है और विश्वास करते हैं, जो—जो यह हमारे पास सात मोहरों के खुलने से आयी है, जैसा कि हम इसका विश्वास करते हैं, जैसे कि, "सर्प वंश," "विश्वासीओं की अनंत सुरक्षा," और—और आदि-आदि, उनमें से कुछ संदेश। यह दूसरे के लिए हो सकता है... हम नहीं सोचते, यह कठिन है, परंतु आपको सत्य के लिए ह्रदय को खोलना है। हम विश्वास करते हैं कि हम वो—वो अंत के समय में हैं। यह हमारे लिए वास्तविक है कि हम मार्ग के अंत में हैं।

6 और किसी दूसरे व्यक्ति के आराधनालय में बोलना, आपको उस व्यक्ति का सम्मान इस व्यक्ति की आवभगत, कि—कि आपको अपने आराधनालय में आने का अवसर दे रहा है। और मैं, निश्चय ही जानते हुए कि वे इसमें विश्वास नहीं करते और मैं उनका पर्याप्त सम्मान करूंगा... बहुत कुछ है जो मैं इस पर बोल सकता हूं, बजाये इसके कि मैं इसे लूं; जब तक यह पवित्र आत्मा ही इसे ऐसा ना करें कि इसे आगे बढ़ाऊं, तब निश्चय ही कहता जैसा उसने कहा। और मैं इससे और अच्छा नहीं जानता, और मैं आशा करता हूं कि इससे अच्छा करना मैंने नहीं सीखा। समझे? हम इसे वैसा ही कहे जैसा यह कहता है।

7 अब हम प्रेरितों के काम के सातवें अध्याय में से बस एक—एक या दो पद पढ़ेगे, 44 वे पद से आरंभ करके।

> *साक्षी का तंबू जंगल में हमारे बाप दादो के बीच में था, जैसा उसने ठहराया, जिसने मूसा से कहा, कि जो आकर तूने देखा है उसके अनुसार इसे बना।*

*उसी तंबू को हमारे बाप दादे पूर्वकाल से पाकर यहोशू के साथ यहां ले आए; जिस समय कि उन्होंने उन अन्य जातियों का अधिकार पाया, जिन्हें परमेश्वर ने हमारे बापदादों के सामने से निकाल दिया, और वह दाऊद के समय तक रहा;*

*उस पर परमेश्वर ने अनुग्रह किया, सो उसने विनती की, कि मैं याकूब के परमेश्वर के लिए निवास स्थान ठहराऊं।*

*परंतु सुलैमान ने उसके लिए घर बनाया।*

*परंतु परमप्रधान हाथ के बनाए घरों में नहीं रहता; जैसा कि भविष्यवक्ता ने कहा है,*

*स्वर्ग मेरा सिहासन,... और पृथ्वी मेरे पांव तले की पीढ़ी है: कि मेरे लिए* तुम *किस प्रकार का घर बनाओगे: प्रभु कहता है: और मेरे विश्राम का कौन सा स्थान होगा?*

*क्या ये सब वस्तुएं* मेरे हाथ *की बनायी नहीं?*

8 इस पर, इस वचन को पढ़ना, मैं थोड़े से शब्दों को कहना चाहता हूं जो भाई पैरी से पहले कि मैं प्रातः काल का संदेश लाए कहना चाहता हूं।

9 मैंने यह पाया है कि मेरा यहां ट्यूसान में आना एक महान क्षण है। मैं यहां इसलिए आया क्योंकि आने की अगुवाई हुई। मैं यहां इसलिए आया हूं क्योंकि पवित्र आत्मा ने दर्शन के द्वारा मुझे यहां भेजा है। मैं यह जानता हूं कि संभव है, यह विचित्र लग सकता है। परंतु वह, जहां तक मैं जानता हूं, कोई बात जो मैं परमेश्वर की जानता हूं, मैं ट्यूसान में दर्शन के द्वारा भेजा गया हूं। मुझे आश्चर्य हुआ कि मुझे कैसे इस रेगिस्तानी क्षेत्र हमें भेजा गया है। और फिर यहां जहां पर...

10 इस नगर पर आत्मिक रीति से बोल रहा हूं, मैं कोई और ऐसा स्थान नहीं जानता जो कि आत्मिक रीति पर ट्यूसान से अधिक मरा हुआ हो। कलीसियाओ के बीच में झगड़े हैं। भक्त मण्डलियो के मध्य में विवाद है। कोई एकता नहीं है, और हर कोई कब्जा कर रहा है, और पकड़े हुए और निकल रहा है, और *इस* वाले को लेना चाह रहा है, चेले बना रहा है। यह रेगिस्तान है, आत्मिक रीति से भी बोल रहा हूं।

11 परन्तु तब मैं बाईबल में पढ़ता हूं, कि जहां परमेश्वर ने मूसा को उसके प्रियजनों से अलग बुलाया और वे सब जो उसे प्रिय थे। और उसे जंगल में

भेजा, ताकि बाईबल की व्यवस्था लिखे। यह पुराना नियम था पहली चार पुस्तके, उत्पत्ति, लैव्यव्यवस्था और व्यवस्था, निर्गमन। मैंने इन्हें क्रम में नहीं बोला है परंतु यह चार पुस्तके। यह वास्तव में पुराना नियम है। क्योंकि, बाकी इसका नबियों ने कहा है, दाऊद की भजन संहिता में, और आदि–आदि, परंतु राजाओं का इतिहास। परन्तु यह पुराने नियम के आधार थे। मूसा था जिसने अपने देश से बुलाये जाने के बाद लिखा, जहां वह जन्मा था और अपने लोगों के मध्य में बड़ा हुआ, और रेगिस्तान में भेजा गया था, ताकि पुराने नियम की पुस्तक लिखे।

12 तब मैंने यह नए नियम कि पुस्तक में पाया, जहां पौलुस जो कि लेखक है, या लेखक नहीं, परंतु नए नियम का लिखने वाला। वह भी अपने लोगों में से भगाया गया, और आत्मा के द्वारा अरब में, जहां वह साढे तीन वर्ष था, कि प्रेरणा पाए। और नए नियम में पौलुस मुख्य लेखक है। अब, वहां मती, मरकुस, लुका और यूहन्ना है, परंतु वे लिखने वाले थे उन्होंने वही लिखा जो यीशु ने कहा जैसे कि वे उसके साथ–साथ रहे। और परंतु, आप तिमोथियस की पुस्तक ले, और रोमियो की, और इब्रानियों, और आदि–आदि, और पौलुस को नया नियम लिखने की प्रेरणा मिली; सारे पुराने नियम को एक छाया के रूप में लिया, और क्रमबद्ध किया। और परमेश्वर ने इसे मान्यता दी, और इसे नया नियम बनाया।

13 और अब यदि पुराने नियम को निकलना था... लेखक को अपने लोगों में से निकलना था, जंगल में पुराने नियम को लिखने की प्रेरणा पाने के लिए। और नए नियम के लिखने वाला, लेखक के द्वारा रेगिस्तानी स्थान में निकाला गया, ताकि नए नियम को लिखने के लिए प्रेरणा पाए। और पुस्तकें सात मोहरों के द्वारा मोहर बंद थी; इसकी भी यही मांग होगी, मैं विश्वास करता हूं कि इन दिनों में वे सात मोहरे खोलने को। जिस प्रिय को आप पकड़े हुए हैं उसे छोड़ने के लिए जिसे आप ह्रदय में संजोए हुए हैं, और एक छोटा हार जो मुझे लोगों के द्वारा दिया गया है, और अपने सारे लोगों के मध्य में और मित्रों और एक कलीसिया जो फल–फूल रही थी, और कोई घटी नहीं थी; और उसे छोड़ना, इससे अलग हो जाना, और दूर चले जाना, बाहर रेगिस्तान में जहां आप किसी को नहीं जानते, और सब कुछ आपके विरोध में है।

14 परंतु यह परमेश्वर के विषय में कुछ है, कि वह मनुष्य को कुछ करने

के लिए बाध्य कर देता है जो कि उसके अपने विचार से परे होता है, ताकि यह परमेश्वर की महिमा और सम्मान के लिए हो। और मैं अनुभव करता हूं कि यह अपने सम्मान के लिए नहीं है, परंतु मैं—मैं यह एक सौभाग्य अनुभव करता हूं कि हर चीज को छोड़ना था जो मुझे प्रिय थी, और इस पुराने वीराने में पहुंचू और ऐसा कष्ट उठाऊ जैसा मैंने कभी अपने जीवन में नहीं उठाया, यहां इस जंगल, या इस रेगिस्तान में। परंतु मैं यह करने में और परमेश्वर की आज्ञा मानने में विश्वास करता हूं, जो परमेश्वर ने करने की आज्ञा दी है, परमेश्वर ने हम पर अंत दिन में भेद खोला है। और हम यहां इस संदेश के साथ है।

15 अब वहां बहुत से लोग थे जो मेरे पीछे थे, और यह कुछ विचित्र नहीं था। अधिकतर एक व्यक्ति... लोग एक दूसरे से प्रेम करते हैं, और यह प्रेम आपको इन बातों को करने के लिए बाध्य करता है जिसे आप नहीं सोचते कि करेंगे। और आप में से बहुत सो ने अपने छोड़े, आपने सब छोड़ा, बस गए, यहां रेगिस्तान में आ गए।

16 बहुत से लोगों ने मुझे बुलाया, और मुझसे पूछा, "क्या हम एरीजोना आए? क्या यह स्थान हमारे लिए अच्छा होगा?" भाई, जैसा यह मूसा के लिए कहा गया था, और इसके लिए यह फल का स्थान नहीं था, अनार का स्थान नहीं था।

17 यह करने के लिए बहुत कुछ नहीं था, और रहने का स्तर ऊंचा रहने के लिए। अधिक खर्चा, ट्यूसान एरीजोना में रहना वास्तव में कठिन स्थान है; मजदूरी थोड़ी है, और—और खाना महंगा, और किराया। इस—इस प्रकार से रहने के लिए भयानक स्थान। परंतु यह स्वास्थ वर्धक है, यह सूखा है। और हम कभी–कभी... हमें अपने मष्तिष्क को संसार की चीजों के अनुसार नहीं करना है।

18 हमें पवित्र आत्मा की अगुवाई देखनी चाहिए। परंतु एक बात जिसने मुझे यहां आने में परेशान किया, और लोगों को बताने में, "कि आपको नहीं आना," या, "आपको आना चाहिए," यह मैंने हर पर व्यक्तिगत छोड़ दिया, जिस प्रकार से परमेश्वर उस व्यक्ति की अगुवाई करें। मैं सोचता हूं हम में से हर एक को यह करना चाहिए, आत्मा के द्वारा चले, कि क्या करें।

19 और आप में से बहुत से यहां आस–पास जैफरसनविले से है, और यहां भक्त मंडली के, और आप लोग यहां आ गए थे। और अब, जिस बात मुझे परेशान किया, वो आराधना का स्थान था।

20 और अब मैं अनुभव करता हूं जैसा मैं यहां पवित्र स्थान में पढ़ता हूं, स्तफनूस और उसके संबोधन के लिए, उसकी मृत्यु के पहले; क्योंकि उन्होंने परंतु उसे उसके संदेश के बाद, पत्थरवाह कर दिया था। जैसे कि वह बोल रहा था, उसने कहा, "हमारे बाप दादा," आरंभ के इब्रानियों से बात कर रहा था, कैसे उन्होंने परमेश्वर का पक्ष पाने का यत्न किया, आराधना के लिए स्थान बनाया। उसने कहा कि, "सुलेमान ने उसके लिए घर बनाया, या एक भवन," उस कहानी से हम परिचित हैं।

21 परंतु मैं अगले वचनों को पसंद करता हूं, "जो भी है परम प्रधान हाथ के बनाए घरों में नहीं रहता।" और दूसरी जगह यशायाह में उसने कहा, "'तूने मेरे लिए एक देह तैयार की; देखिए, बलिदान और भेंटे और इमारतें, और आदि–आदि, परंतु तूने मेरे लिए एक देह तैयार की।'" ठीक है हम अनुभव करते हैं कि वह तब एक देह के लिए बोल रहा था, जहां परमेश्वर मसीह में वास करें।

22 परंतु मैं आज विश्वास करता हूं कि भाई ग्रीन के—के पास प्रेरणा आई, कि यहां आए, वह और बहन ग्रीन पूर्व में अपना स्थान छोड़ दिया... पीछे टेक्सास में भी, कि यहां आकर कुछ नहीं से... आरंभ करें, केवल साधारण प्रेरणा के द्वारा, अनुभव कर रहे हैं, कि उन्हें यह करना चाहिए। मैं उस व्यक्ति की सराहना करता हूं जो मसीह की अगुवाई में चलेगा, चाहे उसे कोई भी मूल्य चुकाना पड़े।

23 यधपि सारा संसार संभव है, आपको परम मित्र यह सोचे कि आप गलत है, परंतु यह आपके लिए गलत नहीं है। जब तक आपको लगता है कि इसके पीछे कुछ है, यह परमेश्वर आपको चला रहा है; यह कभी गलत नहीं है, यह तौल में सदा सही निकलेगा।

24 देखिए यह युवा जोड़ी, एक योग्य नवयुवक। मैं यह इसलिए नहीं कर रहा हूं कि यह यहां पर बैठे हैं। और नव यूवती अपने बालको के साथ अपना परिवार जिसका पालन करना है, और उसने अपनी नौकरी और सब कुछ छोड़ दिया, कि यहां आए।

25 मैंने यह वर्षा पहले अनुभव किया मैं सेवकाई में बुलाया गया था। मैं कभी सफल पादरी नहीं रहा क्योंकि मुझे में घूमने वाली आत्मा है। मैं कहीं भी संतुष्ट नहीं होता। बस जहां भी आत्मा जाता है मुझे उसके साथ जाना होता है, क्योंकि मेरे पास एक संदेश है। यीशु ने कहा, "मुझे यह दूसरे नगरों में भी प्रचार करना है।"

26 परन्तु ऐसे भी है जो चरवाहे है जो झुण्ड की चौकसी करते है। मैं बहुत ही आभारी हूँ कि भाई पैरी पवित्र आत्मा की अगुवाही में चलते है, और आज हमारे पास आराधनालय है ये छोटा वाला है। आरंभ करने के लिए यह प्रयाप्त है, कि पवित्र आत्मा को देखे... ना जानते हुए, कि हम कदम–कदम करके बढ़ते है। अब मैं विश्वास करता हूँ, कि यदि परमेश्वर भाई और बहन ग्रीन से बोला कि यहाँ आओ, और एक स्थान खोला जहाँ हमारे बालक; बजाये इसके कि रविवार को साइकिल चलाये, सडको पर भागे–भागे फिरे, उनके पास आराधना का स्थान है, बजाये कि आसपास बैठे और कुछ सुने जो हमने रडियो पर सुना है, जो कि ठीक है।

27 परंतु हम, जैसे कि लोगों का यह झुंड है, हमारे पास आज के लिए संदेश है। हम, हम विश्वास करते हैं कि परमेश्वर ने हमें एक संदेश दिया है। और भाई ग्रीन है, मैं उसे अपना साथी नहीं कहना चाहता, क्योंकि हम... ठीक हैं, यह मेरे साथी भी हैं, हम संदेश में एक साथ हैं। भाई ग्रीन भी वही प्रचार करते हैं और संदेश जिसमें मैं विश्वास करता हूं। इसने अपना घर छोड़ा, इसमें अपने लोग छोड़े, उसने अपनी कलीसिया छोड़ी। वह, मैं विश्वास करता हूं, वह एक डी एस थे या ऐसे ही कुछ एक नामधारी में, और सब कुछ छोड़ दिया जब उसने यह सुना। उसने सब कुछ छोड़ दिया जो उसे प्रिय था, और रेगिस्तान में भी आ गया, केवल उसका पक्ष लेने के लिए जो परमेश्वर ने हमें अब दिया।

28 मैं कहता हूं मैं विश्वास करता हूं कि यह केवल हमारे ह्रदय में होना चाहिए, यह हमारा कर्तव्य है कि उसका पक्ष ले, हर चीज जो हम कर सकते हैं, कि सभाओं में उपस्थित हो, यहां आराधना करने के लिए आए, और इस स्थान को ऐसा बनाएं जहां परमेश्वर हम पर उन बातों को प्रगट कर सके जो उसने हम पर प्रगट करने के लिए रखी है। और जैसा कि उसके वचन ने कहा कि, "मेरे पास संदेश प्रेरणा के द्वारा नहीं आता, जैसा कि यह हम में से कुछ के पास आता है, परंतु," उसने कहा, "मैं यहां जो

परमेश्वर ने दिया है उसका पक्ष लेने के लिए हूं।” क्या ही वक्तव्य है! और मैं विश्वास करता हूं, यदि हम एक साथ सहयोग करें, हम अपने ह्रदय इसके लिए दे।

29 मैं जानता हूं कि आप में से प्रत्येक मेरे समान अनुभव करते हैं, परमेश्वर के आत्मा को मंडराते हुए देखने के लिए मैं बहुत ही लयलीत हूं, मैं बस रुक नहीं सकता। कुछ अनुभव जो मुझे ऊपर पहाड़ पर हुए, इसे एक बार फिर अनुभव करने को यह कुछ जो मैं पहले–पहल बचा था मेरे ह्रदय को बहुत आनंदित किया! और हम उस स्थान पर आ सकते है, हम बैठ सकते हैं और इसे अपने मध्य में देखते हैं, कि हम मर रहे हैं। जैसे कि हम यहां रेगिस्तान में बैठे हैं, मैं अपने भाइयों के बीच में हूं, वे मुझ से बातें करते हैं, मैं उनसे बातें करता हूं; सदा, साधारण रीति से ध्यान देते हैं आत्मा का अनुभव करते हैं, जैसा कि उस भाई कि स्थिति देखने के लिए, देखने के लिए क्या गलत है। मैं अनुभव करने लगा हूं कि यह फिर हो रहा है, आत्मा से अलग हो रहा हूं। यह चीज हमारे लिए बहुत ही स्वाभाविक है। हमें आत्मा में आराधना करनी चाहिए, जहां परमेश्वर का आत्मा... केवल हमारा ही संदेश नहीं इस घड़ी में प्रज्वलंत होना चाहिए, यह हमारे ह्रदय में प्रज्वलित प्रज्वलित होना चाहिए। समझे? इसे हमारे ह्रदय में होना चाहिए, या हम नहीं कर सकते, हम—हम इसे लोगों के सामने सही प्रस्तुत नहीं कर सकते। आत्मा को स्वयं में संदेश के साथ होना है। और मैं आप में से प्रत्येक पर भरोसा और विश्वास करता हूं, कि एक वास्तविक मसीही हो।

30 अब इन्हें संडे स्कूल अध्यापक की आवश्यकता है। इन्हें एक पदाधिकारी की आवश्यकता है। और मैं यह कहना चाहता हूं कि आप खुल कर समझ ले। यह मेरी कलीसिया है।

31 मैं यहां तीन वर्षों से हूं। और मेरे लिए एक द्वार खुला था, और वह मैंक ने मुझ से कहा कि आकर प्रचार करूं। परमेश्वर उसे आशीष दे, मुझे और दूसरे लोगों को; लोगों ने निमंत्रण नहीं दिया उनके विरोध में कुछ नहीं है, वे ठीक है। भाई ब्रोक, मेरे एक अच्छे मित्र, भाई गिलमोर, इनमें से बहुत से पेन्टीकोस्टल भाई लोग यहां पर है, और मेरे बहुत ही गहरे मित्र है। मैं उनसे प्रेम करता हूं; उनके विरोध में कुछ नहीं। मैं उनकी स्थिति समझता हूं। वे मुझे वहां निमंत्रण नहीं दे सकते, और वे अपनी संस्थाओ में बने हैं। देखिए, वे नहीं कर सकते। क्योंकि, यदि वे करते हैं तो बाहर कर

दिए जायेगे। इसलिए आप उनकी स्थिति को देखिए। मैंने भी इसी चीज का सामना किया था। परंतु, अब यह सदा हो सकता है, "पहले आप परमेश्वर के राज्य की खोज करो," परमेश्वर की इच्छा।

32 और अब यह, भाई ग्रीन, परमेश्वर ने इन्हें यहां भेजा है, और हमारे लिए, हमारे जैसे बहुमूल्य विश्वास का आराधनालय खोला, जिसमें हम विश्वास करते हैं, हमें इसके लिए परमेश्वर का आभारी होना चाहिए, और हर प्रार्थना सभा में होना चाहिए, हर स्थान को जो हम ले सकते हैं। और यदि हमसे कहा और बुलाया जाए कि प्रार्थना करें, करने के लिए खोजे, तो हम एक सिपाही बने... इसे करने के लिए तत्पर रहे। समझे?

33 संदेश को सम्मानित बनाये रखें, और सही प्रकार का जीवन जीए। इस पर कोई आंच ना आने दे। हम अंतिम समय में रह रहे हैं। इस घड़ी में हम—हम अन्त पर है। हम इसे स्वच्छता से जीए। या, हमारा जीवन, आपका जीवन, हम सब के जीवनो को आवश्यकता है कि परमेश्वर के सम्मुख लाए जाए।

34 हमारे नवयुवक लोग आसपास घूमते हैं, एक से दूसरे स्थान पर, एक से दूसरे प्रदर्शन और दूर-दूर, और परमेश्वर से दूर चलते जा रहे हैं। यह ठीक बात है। अब यह सत्य है। मैं इसे अपने बालको में देखता हूं, और मैं इसे स्वयं में उस स्थान पर देखता हूं जहां... हमें, हम सबको परमेश्वर की आराधना के लिए एकत्र होना है; बाईबल ने ऐसा कहा है, "जब हम इस दिन को आते देखते हैं, तो हमें और अधिक एकत्र होना है।" यदि दो लोग केवल यहां है, तो आप उनमें से एक हो। अब यह... यदि हम एक साथ आते हैं, और मिलकर आराधना करते हैं, तो हम इस विषय में कुछ और है, यीशु ने कहा, "जहां दो या तीन मेरे नाम में एकत्र होते हैं, तो मैं वहां उनके मध्य में हूं।"

35 अब, जैसा कि मैंने पहले कहा, भाई ग्रीन ने मुझे बताया, और उन्होंने यह कहा। मेरी पत्नी आयी मुझे बताया कि उन्होंने जब मैं बाहर था। तो क्या कहा वह और उसने इस प्रातः कहा कि, "प्रचार मंच किसी भी समय खुला था।" अब अधिकांश... यह, मेरे बोलने के लिए खुला है।

36 अब, अधिकतर, मुझे जैफरसनविले, इन्डियाना कार चला कर जाना था, और वह संदेश और परमेश्वर ने मुझे दिया, उसे दिया ताकि लोगों में पहुंचाऊं; जैफरसन विले इन्डियाना गया, और आप में से प्रत्येक राष्ट्र

में तार से जुड़ा है, और तारों और आदि को देख रहा है कि संदेश पाए, क्योंकि यही जिस पर हम जीवित हैं। हम इसी के लिए यहां पर है। ठीक है, हमें अब यह और नहीं करना पड़ेगा।

37 परमेश्वर हमें एक संदेश दे, मैं सीधा यहां आकर प्रचार मंच पर इसे प्रचार करता हूं, और करने के लिए स्वतंत्रता का अनुभव करता हूं। समझे। और मैं विश्वास करता हूं, सामर्थी परमेश्वर आपको आशीष देगा यदि आप इस कलीसिया के पक्ष में खड़े होंगे, इस झुंड के लोगों के साथ। केवल इतना ही नहीं, परंतु हम बाहर आए और देखें यदि हम दूसरे को भीतर नहीं ला सकते। हम दूसरे से बात करें कहीं भी उनसे अपनी कलीसिया के लिए बात करें और इसका क्या अर्थ है। हमारी कलीसिया क्या है... हम यहां है। हम चाहते हैं कि आप यहां आए और अपरिचित को लाए, और मैं निश्चित हूं कि यह हम सबके लिए अच्छा रहेगा। समझे? हमारे पास भवन है, जिसके लिए हम धन्यवादित हैं। हम इस स्थान के लिए धन्यवादित है, कि एक साथ एकत्र हो।

38 परंतु, "जो भी है कि परम प्रधान हाथ के बनाये घरों में नहीं रहता, देखो, 'क्योंकि स्वर्ग मेरा सिहासन और पृथ्वी मेरे पाव कि चौकी; मेरे विश्राम का कौन सा स्थान है? परंतु तूने मेरे लिए एक देह तैयार की।'"

39 और हम मसीह की देह हैं। इसलिए जैसा कि हम एक इमारत से दूसरी ईमारत को जाते हैं, मैं अपने संदेश को लाने में विश्वास करता हूं, और हम आयेगे और चंगाई सभाये करेंगे। और कोई चीज प्रभु हमें करने के लिए प्रगट करता है, यह ठीक यहां कलीसिया में होगा, जब तक यह बहुत बड़ा ना हो जाए आपको इसे कहीं ले जाना है, और कभी जब तक यीशु नहीं आता। परमेश्वर आपको आशीष दे।

40 [भाई पैरी ग्रीन टिप्पणी करते हैं, और फिर भाई ब्रन्हम से अभिषेक करने को कहते हैं। टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

अपने सिरो को झुकाये।

41 प्रिय परमेश्वर, जैसे कि हम यहाँ मंच पर खड़े हैं, जो कि ठीक यहां वेदी पर उपस्थित हैं, हम यह अनुभव करते हैं कि हम एक—एक लोगों की मरती हुई जाति है, जहां तक इस पृथ्वी का संबंध है। हम सड़कों पर देखते हैं और पाप को हर जगह लिखा हुआ देखते हैं, और प्रभु की महिमा तेजी से जा रही है। और हम जानते हैं, जब प्रभु की महिमा चली जाती है,

उसी प्रकार से कलीसिया उसके साथ चली जाती है। परमेश्वर, हम वहां पर होना चाहते हैं।

42 अभी कुछ दिनों पहले, यहां गली के कोने पर खड़े हुए बस सड़क के पार, लोगों की परेड को सड़क पर जाते हुए देख रहा था; और उस पहले महायुद्ध के टैंक अगुवाई कर रहे थे, तब फिर बड़े शेरमैन टेंक आए, और उसके पीछे फिर और फिर और फिर, तब सोने के सितारों को माताये; छोटे टूटे हुए परिवार, रोती हुई पत्नियां, और वह छोटा कठोर लड़का जिसने अपने पिता को खो दिया, बूढ़ी मां जिसने अपना पुत्र खो दिया। मैंने सोचा, ओह सड़क पर खड़ा होना "कितना दु:खदायी," था और इस प्रकार की चीज को जाते हुए देखना। तब ध्यान दिया, जैसे ही वे इस भवन के पास से निकले, संगीत बदला गया *आगे बढ़ो, मसीही जवानों*। उनके पीछे चलने वाले बजा रहे थे; परंतु जब वे इस स्थान से निकल गए!

43 प्रिय परमेश्वर, मैं दूसरे महान आने वाले समय के लिए सोच रहा हूं, और वह पुनरुत्थान होगा, जब पुराने समय के लोग पहले आयेंगे, संत लोग, पूर्वज। "और हम जो जीवित और बचे रहेंगे उनसे जो सोते हैं कदापि आगे ना बढ़ेगे; क्योंकि परमेश्वर की तुरही फूंकी जाएगी और जो मसीह में मरे हुए हैं वे पहले जी उठेंगे।" तब जब हम वह महान देखेंगे... उन लोगों को जाते हुए, आकाश की ओर जाते हुए; और हम खड़े हुए होंगे, अपने बदलाव की प्रतीक्षा में यह जानते हुए कि हम भी पंक्ति में आयेंगे। परमेश्वर, हमें ईमानदार सिपाही बना।

44 केवल वे जो वास्तव में जुड़े हुए थे और युद्ध में थे वे जानेंगे कि वास्तव में इसका क्या अर्थ है, उन टैंकों को चलते हुए देखते हैं। और, परमेश्वर, हम सोचते हैं वे जो जीवन के युद्ध में रहे वे जानेंगे कि इसका क्या अर्थ है, जबकि हम अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि पुनुरुत्थान में अपनी स्थिति और स्थान में आये, कि ऊपर जाये।

45 और यह, मेरा छोटा भाई यहां खड़ा है, ठीक प्रशिक्षित, तैयार, सुसज्जित प्रतीक्षा कर रहा है कि एक बूढ़ा मनुष्य उस हाथों को रखें, वह जो बूढ़ा अनुभवी वहां आगे की पंक्ति में, यह जानते हुए कि उसे भी इस युद्ध में सम्मलित होना चाहिए। प्रिय परमेश्वर, इन अयोग्य हाथो के साथ मैं इसे अपने भाई पर रखता हूं, आपके प्रतिनिधित्व में। भाई ग्रीन को आशीषित करें, प्रिय परमेश्वर जिसे मैं यीशु नाम में आशीषित करता हूं। प्रभु होने

पाए यह संदेश को इस नगर में ले जाए और आप उसे जहां भी बुलाये। वह ईमानदार हो, आत्मा से भरा जीवन को किसी बदनामी से ऊपर जीये। परमेश्वर, यह लोगों के ह्रदय को पा ले, ताकि वह उन्हें सिखा सके और उनकी अगुवाई कर सके और पथ की ओर मार्गदर्शन दें जिसमें हम सब चलना चाहते हैं। प्रभु, इसे प्रदान करें।

46 उसकी ईमानदार पत्नी को आशीषित करें, उसके छोटे बालक। हमारे यत्न को, एक संग मसीही भाइयों के समान यहां इस पृथ्वी पर आशीषित करें, ताकि हम इस सुसमाचार को संसार के अंत तक ले जाए। अपना आत्मा इस पर भेजें, परमेश्वर। हम यीशु के नाम में प्रार्थना करते हैं, जैसे कि हम इसे आप को देते हैं। आमीन।

भाई पैरी परमेश्वर, आपको आशीष दे। परमेश्वर के वचन को ले जाए!

*मेरे लिए तुम किस प्रकार का घर बनाओगे?* HIN65-1121

(What House Will You Build Me? )

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार सुबह, 21 नवंबर, 1965 को ट्यूसान टेबरनेकल, ट्यूसान, एरिज़ोना, यू.एस.ए., में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2021 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE

19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM

CHENNAI 600 034, INDIA

044 28274560 • 044 28251791

india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS

P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.

www.branham.org

## कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org